प्रेषक,   पत्र क्रमांकः 200/22/12/22

लोकेश कुमार मिश्र

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/

त्वरित न्यायालय द्वितीय, भदोही।

द्वारा,

श्रीमान जनपद न्यायाधीश

भदोही–ज्ञानपुर।

सेवा में,

माननीय महानिबंधक

माननीय उच्च न्यायालय

इलाहाबाद।

विषयः प्रार्थी के L.L.M. डिग्री के सम्बन्ध में Admin A–1 Section द्वारा चाही गई जानकारी के सम्बन्ध में।

महोदय,

ससम्मानपूर्वक निवेदन है कि प्रार्थी अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवां से दो वर्षीय एल०एल०एम० कोर्स वर्ष 2017 से 2019 तक परीक्षार्थी के रूप में शामिल था। जो कि चार सत्र (टर्म) एल०एल०एम० कोर्स में प्रार्थी द्वारा परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा दी गई थी। जिसमें वर्ष 2017 के दिसम्बर में एल०एल०एम० प्रथम सत्र(प्रथम सेमेस्टर)में कुल 350 अंक की एल०एल०एम० परीक्षा थी, जिसमें पासिंग मार्क 175 था। प्रार्थी को प्रथम सत्र में 167 अंक प्राप्त हुए थे। जिसका रिजल्ट फेल था। उक्त परीक्षा में प्रार्थी का रुल नं० 1716400076 था। पुनः परीक्षार्थी द्वारा दूसरे सत्र में दिसम्बर 2019 में एल०एल०एम० प्रथम सत्र की परीक्षा एक्स–स्टूडेन्ट के रूप में पूर्ण की गई थी। जिसमें रुल नं० 1716400076 ही था। एल०एल०एम० प्रथम वर्ष में दो सत्र थे। जिसमें दूसरे सत्र की परीक्षा जून 2018 में आयोजित कराई गई थी। जिसमें परीक्षार्थी 350 अंक में से 200 अंक प्राप्तकर उत्तीर्ण था। चूंकि परीक्षार्थी को एल०एल०एम० प्रथम वर्ष के दो सत्रों में 700 अंक में से 350 अंक उत्तीर्ण होने के लिए प्राप्त करने थे। किन्तु एल०एल०एम० प्रथम वर्ष में प्रथम सत्र में फेल हो जाने के कारण परीक्षार्थी के एल०एल०एम० प्रथम सत्र के सेकेण्ड टर्म की मार्कशीट में उक्त रिजल्ट 11 अक्टूबर 2018 को अनुत्तीर्ण होना दर्शित हो रहा है।परीक्षार्थी को एल०एल०एम० प्रथम वर्ष में दो सत्र में कुल अंक 700 में से 200 अंक होना वर्णित है, जिसकी परीक्षा एल०एल०एम० प्रथम वर्ष फर्स्ट टर्म में पुनः एक्स–स्टूडेन्ट के रूप में परीक्षार्थी ने एल०एल०एम० के प्रथम सत्र की परीक्षा दिसम्बर 2019 में 223 अंक प्राप्तकर पास कर ली थी। जिसमें प्रार्थी एक्स–स्टूडेन्ट के रूप में शामिल था और उसका रुल नं० 1716400076 था। प्रार्थी ने अपने एल०एल०एम० कोर्स को एल०एल०एम० के पहले सत्र में जो दिसम्बर 2020 एल०एल०एम०सेकेण्ड वर्ष प्रथम टर्म में पूर्व विद्यार्थी (एक्स–स्टूडेन्ट) के रूप में सम्पन्न की है। जिसमें उसे 224 अंक प्राप्त हुए थे। एल०एल०एम०सेकेण्ड वर्ष सेकेण्ड टर्म में जो जून 2021 में आयोजित

हुआ था, उसमें परीक्षार्थी का रुल नं० 1716400076 और Enrollment No. 1790511640197 है, जिसमें एल०एल०एम० सेकेण्ड वर्ष, सेकेण्ड टर्म में 202 अंक प्राप्त हुए थे। जो अन्तिम वर्ष की मार्कशीट का अवलोकन करने पर सेमेस्टर प्रथम में 223/350 अंक, सेकेण्ड सेमेस्टर में 200/350 अंक, थर्ड सेमेस्टर में 224/350 अंक और फोर्थ सेमेस्टर में 202/350 अंक ,कुल 1400 में 849 अंक प्राप्त किये थे और प्रथम श्रेणी में परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुआ था। जिसका रिजल्ट 14 अक्टूबर 2021 को जारी किया गया था। जिसमें परीक्षार्थी एक्स–स्टूडेन्ट के रूप में एल०एल०एम० के दूसरे सत्र जो कि वर्ष 2019 से 2021 में आयोजित हुआ था, उसमें शामिल होकर एल०एल०एम०की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर लिया है। इसलिए जो डिग्री जारी की गई है, वह वर्ष 2021 में दूसरे सत्र में शामिल होने के कारण 16 अगस्त 2022 को परीक्षार्थी को मिली है।

अतः चाही गई जानकारी के आलोक में श्रीमान की ओर आख्या सादर प्रेषित है।

प्रार्थी

(लोकेश कुमार मिश्र)

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/त्वरित

न्यायालय द्वितीय, भदोही।

दिनांक– 22.12.2023

संलग्नक:

(1) LL.M Ist year वर्ष 2017 की मार्कशीट

(Ist term)

जिला एवं सत्र न्यायाधीश * भदोही